तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 1 जनवरी 2024

11 भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने में हम सब योगदान दें : अजय


12 6 खिलाड़ियों ने तैयार कर दी 250 खिलाड़ियों की फौज




अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित
पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है
LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन
PILES FISSURE FISTULA
एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर
सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल
प्रदीप हॉस्पिटल
कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का ईलाज स्मार्ट कार्ड से होगा.
उपलब्ध सुविधाएं
स्त्री रोग- नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लैडर, स्तन के गांठ, स्तन कैसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रूकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से नि:शुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायराइड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, नि:शुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर
डॉ. प्रीति साहू M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रदीप साहू M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)

## खबर संक्षेप

### सिलतरा मड़ई 2 को

**अंवरी।** ग्राम सिलतरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 2 जनवरी दिन मंगलवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खोरदो खुंदनी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल रामनारायण साहू ने दी।

### हरदी में मड़ाई मेला 5 को, नाचा भी होगा

**मगरलोड।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हरदी में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए साल्हेटोला कांकेर की छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी उपसरपंच मनहरण निषाद, डिगेश साहू ने दी है।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 7 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की नौ माही बैठक 7 जनवरी रविवार को राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 11 बजे आहूत की गई है। बैठक में सामाजिक विषयों व भक्त गुहा निषाद राज की जयंती मनाने एवं वार्षिक सम्मेलन के संबंध में चर्चा परिचर्चा किया जाएगा। बैठक में पाली परिक्षेत्र के पदाधिकारी, स्वजातीय भाइयों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी देवपुर पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नील कुमार निषाद व मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### प्लेसमेंट कैम्प में दिव्यांग जनों को मिले अवसर

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वं रोजगार मार्गदर्शन केंद्र धमतरी द्वारा आगामी 3 जनवरी बुधवार को 11 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कंपोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में योग्य उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाना है। घनश्याम सिंह साहू ने मांग किया है कि योग्यता धारी दिव्यांगजनों को भी उनके दिव्यांगता, क्षमता एवं दक्षता को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ देते हुए प्लेसमेंट कैम्प में नियुक्त किया जाए जिससे दिव्यांगजन भी रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन कर जीवनयापन कर सके।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा एक जनवरी को आमदी में

**धमतरी।** केन्द्र शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत आमदी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित साप्ताहिक बाजार में आगामी एक जनवरी को संकल्प शिविर आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद महासमुंद चुन्नी लाल साहू द्वारा किया जायेगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत आमदी ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की गाड़ी के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

बिना बेस और गड्ढों की फिलिंग के खड़े कर दिए गए हैं पोल

## गुणवत्ता दरकिनार कर गड़ाए जा रहे गांवों में बिजली के खम्भे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से लगे गांवों में लाइटिंग दुरूस्त करने के लिए गांव-गांव खम्भे लगाए जा रहे हैं। इस काम में जमकर लीपापोती की जा रही है। खम्भों में बेस ही नहीं डाला जा रहा है। बस गड्ढा करके खम्भों को खड़ा किया जा रहा है। इससे इन खम्भों के गिरने की आशंका बनी हुई है।

गांव-गांव बिजली की खपत काफी बढ़ चुकी है लेकिन बिजली सप्लाई की व्यवस्था पुरानी ही है। जरूरत बढ़ने के साथ गांवों में बड़ी संख्या में बिजली के खम्भे, ट्रांसफार्मर आदि की जरूरत है। अब इन जरूरतों को पूरा करने की कोशिश शुरू की गई है, जिसके चलते गांवों में अतिरिक्त खम्भे लगाए जा रहे हैं। विडंबना यह है कि बड़ी संख्या में खम्भे तो लगाए जा रहे हैं लेकिन खम्भे लगाने में गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है। पहले तो जो सीमेंट के खम्भे है, वे इतने मजबूत नहीं है। दूसरा खम्भों को मशीनों के सहारे लगाया जा रहा है। जिसमें एक ट्रैक्टर में लगे एक ड्रील मशीन से गड्ढा कर खम्भों को खड़ा कर किया जा रहा है। इसमें न तो कांक्रीट बेस डाला जा रहा है और न ही खम्भे डालने के बाद गड्ढों की फिलिंग की जा रही है। खम्भों को सीधा खड़ा रखने के लिए हर एक्सटेंशन तार भी लगाया जाता है। वर्तमान में चल रहे काम में एक भी खम्भे में एक्सटेंशन तार नहीं लगाया गया है। ऐसे में ग्रामीण खम्भों की मजबूती को लेकर आशंकित हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में तो ज्यादा खतरे वाली बात नहीं है लेकिन बारिश में इन खम्भों के गिरने की आशंका है।



### खेतों में भी लगाए गए है बिजली पोल

हर गांव के लिए खम्भों को लगाने का लक्ष्य दिया गया है। किसी में चार किमी तो किसी में पांच से छह किमी तक खम्भों का विस्तार किया जाना है। गांवों में इतनी जगह नहीं है। ऐसे में खेतों में पंप लाइन के लिए खम्भे भी गड़ाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा खेतों में ही है। खेतों में धान की फसल लगाने के लिए पानी भरकर रखा जाता है। खेतों की मिट्टी ज्यादा ठोस नहीं होती है। बिना बेस और बिना मजबूत फिलिंग के ये खम्भे ज्यादा समय तक खड़े नहीं रह पाएंगे।

### इसलिए लग रहे खम्भे

विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक गांवों में ज्यादातर कनेक्शन सिंगल फेस है। गांवों से अब थ्री फेस कनेक्शनों की डिमाड आने लगी है। भविष्य में इस प्रकार के डिमांड बढ़ेंगे, जिसे देखते हुए गांवों में थ्री फेस लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त ये इन खम्भों में बल्ब भी लगाए जाएंगे, जिससे गांवों प्रकाश से अच्छी व्यवस्था हो जाएगी।

## 60 की उम्र में भी पहचान की मोहताज है पुष्पा

■ जन्म प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र के अभाव में नहीं बना आधार और वोटर आईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपनी पहचान पाने के लिए 60 वर्षीय पुष्पा को दर-दर भटकना पड़ रहा है। उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है, जिससे उसकी पहचान साबित हो सके। दस्तावेज नहीं होने के कारण अधिकारी-कर्मचारी उसे बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। विडंबना यह है कि वोटर आईडी कार्ड नहीं होने के कारण अब तक उसने एक भी बार वोट नहीं डाला है। इतना ही नहीं आधार कार्ड नहीं होने के कारण उसे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। पुष्पा की यह कहानी प्रशासन की लचर व्यवस्था की पोल खोल रही है।

नए युग में आदमी की पहचान दस्तावेजों से होती है। दस्तावेज नहीं तो आदमी नहीं। ऐसी ही एक समस्या से जूझ रही है 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला पुष्पा तिवारी। पुष्पा तिवारी गौरव पथ आमातलाब रोड में किराए के मकान में अपने बेटे तथा बहू के साथ रह रही है।

शुक्रवार को वह मोदी की गारंटी तथा विकसित भारत विकास यात्रा के तहत अंबेडकर वार्ड के इंडोर स्टेडियम में लगाए गए शिविर में पहुंची थी। उसने बताया कि आधार कार्ड, राशनकार्ड, वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज मांगा जाता है। इस प्रकार का कोई दस्तावेज उसके पास नहीं है। उनके परिवार में सब लोगों का आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड बना है। सिर्फ उसका ही आधार व वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है, क्योंकि पहचान कार्ड को बनाने के लिए जो दस्तावेज लगते हैं, वह उसके पास नहीं हैं।



### गंभीरता से करेंगे काम

शिविर में श्रीमती पुष्पा तिवारी पहुंची थी। इस मामले में एसडीएम से चर्चा कर उसका वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड जैसे दस्तावेज बनाने की कोशिश की जाएगी। उन्हें योजनाओं का लाभ देने के लिए गंभीरतापूर्वक काम किया जाएगा।

- विनय पोयाम, *कमिश्नर नगर निगम धमतरी*

### पांच साल से भटक रही दफ्तर-दफ्तर

उसने बताया कि पहले वह राजिम में रहती थी। वहां भी कई बार उसने पहचान संबंधी दस्तावेजों को बनाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही। पांच साल पहले वह धमतरी जिले में आई। यहां भी लगातार आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए भटक रही है। इन दस्तावेजों के नहीं होने से उम्र के अंतिम पड़ाव में भी उसे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### इलाज के लिए चाहिए आयुष्मान कार्ड

पुष्पा शिविर में अपनी बहू के साथ पहुंची थी। उसके पैरों में सूजन है, जिसके चलते वह अकेले चलने-फिरने में सक्षम नहीं है। बेटा प्राइवेट जॉब करता है। घर की आर्थिक स्थिति भी इतनी अच्छी नहीं है कि बेहतर ढंग से उसका इलाज हो सके। इलाज के लिए उसे आयुष्मान कार्ड की जरूरत है। विडंबना यह है कि कई बार कोशिश करने के बाद भी उसका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड की जरूरत है। आधार कार्ड बनाने के लिए निवास और जन्म प्रमाण पत्र की, जो उसके पास नहीं है।

### योजनाओं का लाभ देना प्रशासन की जिम्मेदारी : राजेंद्र

वार्ड पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को शासन की योजनाओं तथा सुविधाओं का लाभ देना प्रशासनिक दायित्व और संवैधानिक अधिकार है। मात्र कुछ दस्तावेज नहीं होने के कारण वरिष्ठ नागरिक को उसका हक नहीं मिलना शर्मनाक है। इस प्रकरण में किसी न किसी विकल्प को आधार बनाते हुए श्रीमती पुष्पा तिवारी को यथाशीघ्र लाभ प्रदान किया जाना चाहिए। इसके लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगे।

## सरकार बदली, अब राशनकार्ड की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ जिले में 2.40 लाख राशनकार्ड का बदलेगा रूप

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद 2.40 लाख राशनकार्ड का कवर नए अंदाज में होगा। वर्तमान में राशन कार्ड के कवर में पूर्व मुख्यमंत्री की फोटो है। खाद्य विभाग को अब कवर चेंज करने के आदेश का इंतजार है। ज्ञात हो कि जिले के सभी राशनकार्ड वन नेशन वन राशनकार्ड के लिंक से अद्यतन है। राशन कार्ड से देश के किसी भी प्रदेश की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन ले सकते हैं।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 240687 राशनकार्ड के हितग्राही हैं। धमतरी ब्लाक के ग्रामीण, नगर निगम तथा आमदी नगर पंचायत अंतर्गत अंत्योदय कार्ड की संख्या 16788 है। निराश्रित कार्ड 237, प्राथमिकता कार्ड 49025, निशक्तजन कार्ड 187, सामान्य कार्ड 13848 हैं। कुरूद ब्लाक में अंत्योदय कार्ड की संख्या 13350, निराश्रित कार्ड 314, प्राथमिकता कार्ड 52198, नि:शक्तजन कार्ड 123 तथा सामान्य कार्ड 5475 है। मगरलोड ब्लाक में अंत्योदय कार्ड 6691, निराश्रित कार्ड 49, प्राथमिकता कार्ड 28366, नि:शक्तजन कार्ड 19, सामान्य राशनकार्ड 2916 है। नगरी ब्लाक में अंत्योदय कार्ड 47997, निराश्रित कार्ड 712, प्राथमिकता कार्ड 35839, नि:शक्तजन कार्ड 64, सामान्य राशनकार्ड की संख्या 3918 है। इस तरह जिले में 240687 राशनकार्ड धारी हैं।



खाद्य निरीक्षक नरेश पीपरे ने बताया कि जिले की 5 नगर पंचायत, 1 नगर निगम तथा 4 जनपद पंचायतों में राशनकार्ड बनाने, नाम जोड़ने, सुधारने, नाम काटने तथा पीडीएफ बनाने का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निकायों की अनुशंसा पर राशन कार्ड निरस्त करने राशन कार्ड को अन्य ग्राम, वार्ड या अन्य जिलों में स्थानांतरण का कार्य जिला कार्यालय में किया जा रहा है। श्री पीपरे ने बताया कि जिले के सभी राशनकार्ड वन नेशन वन राशनकार्ड के लिंक से जुड़े दो साल हो गए हैं। राशन कार्डधारी देश के अन्य प्रदेशों में भी राशन ले सकते हैं। नगरी क्षेत्र में पहुंचे बिहार के लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नया राशनकार्ड बिना कवर का दिया जा रहा है। शासन का आदेश मिलते ही राशनकार्ड का कवर नये अंदाज में होगा।

## रबी फसलों की बीमा की अंतिम तिथि आज

**धमतरी।** जिले में रबी वर्ष 2023-24 के अधिसूचित फसल के लिए बीमा का कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों की बीमा की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 1 जनवरी हो गया है। उप संचालक, कृषि ने किसानों से अपील की है कि रबी वर्ष 2023-24 में फसलों की बीमा के लिये एक दिन बचा है, किसान अधिक से अधिक फसलों का बीमा करायें, जिससे प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सके। गौरतलब है कि रबी वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा अधिसूचित मुख्य फसल गेहूं सिंचित/असिंचित, चना, राई-सरसों एवं अलसी फसलों का फसल बीमा आवरण में सम्मिलित किया गया है, जिसका किसानों को देय प्रीमियम राशि गेहूं सिंचित हेतु 480 रूपये, गेहूं असिंचित 345 रूपये, चना 510 रूपये, राई-सरसों 345 रूपये एवं अलसी 240 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम दर निर्धारित है।

## नए साल में हुड़दंगियों पर नकेल कसने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नए साल के जश्न में हुड़दंगियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस जवान होटल, ढाबा, लॉज आदि की जांच कर रहे हैं। साथ ही अवैध शराब, गांजा आदि के खरीदी-बिक्री करने वालों पर भी नकेल कसी जा रही है।

नए साल की आमद के साथ जश्न का दौर शुरू हो गया है। इस जश्न पर खलल न पड़े इसलिए पुलिस पहले से मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थानों को अलर्ट कर दिया है। उन्हें अवैध शराब, गांजा पर कार्रवाई करने और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत पुलिस द्वारा जिले में स्थित होटल, ढाबा, लॉज में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। होटल, ढाबा, लॉज संचालकों को चेतावनी भी दी जा रही है कि वे अपनी संस्था में अवैध शराब पिलाने की व्यवस्था न करें। सभी थाना क्षेत्रों में नाकाबंदी प्वाइंट लगाकर सघन चेकिंग भी की जा रही है।



अलसुबह 5 बजे मंदिर के गेट खुलते ही भक्तों का आना शुरू

## नववर्ष सेलिब्रेशन में मंदिर, चर्च, गुरूद्वारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नूतन वर्ष 2024 के आगमन पर शहर के मंदिरों में पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई है। सुबह से ही भक्तजन पूजा अर्चना एवं दर्शन कर रहे हैं। सभी मंदिरों में सुबह 5 बजे पट खुलते ही मंगल आरती के बाद श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया है। ठंड के बावजूद भक्तगण अलसुबह मंदिर पहुंचे एवं बीते वर्ष के कर्मों की क्षमा याचना करते हुए नए साल के खुशियों की मनोकामना की। शहर के प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी मंदिर में रविवार 31 दिसंबर को सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ दिखाई दी। लोग माता के दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े थे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि रविवार को साल का आखिरी दिन है इसलिए मंदिर में दिन भर भीड़ रही। मंदिर समिति द्वारा उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा गया। 1 जनवरी सोमवार को भी भारी भीड़ रहेगी। सभी भक्तों के लिए मंदिर की ओर से प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।

बांके बिहारी मंदिर के पुजारी ललित कुमार शर्मा, मठ मंदिर हनुमान मंदिर के पुजारी हनुवंश वैष्णव, जगन्नाथ मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा, गणेश मंदिर के पुजारी होमन प्रसाद शास्त्री ने बताया कि रविवार को 31 दिसम्बर साल के आखिरी दिन भक्त सुबह से लेकर शाम तक मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना, आराधना, आरती पश्चात सभी भक्त भगवान के दर्शन किए। सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया।

गुरूद्वारा कमेटी के मनोहर सिंह छाबड़ा ने बताया कि नए वर्ष के आगमन और बीते वर्ष की बिदाई की बेला में गुरूद्वारा में भक्तों की भारी भीड़ रही है। गुरूद्वारा में दुआ, अरदास का दौर चला। दिन भर अखंड पाठ साहिब चला। शबद कीर्तन, दीवान की समाप्ति, गुरू का लंगर आदि कार्यक्रम हुए। मेनोनाइट चर्च के डायमंड फिलिस ने बताया कि नए साल के आगमन के अवसर पर 31 दिसम्बर 2023 एवं 1 जनवरी 2024 को दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम चर्च में आयोजित है। दुआ, आराधना के बाद प्रभु यीशु के संदेश का वाचन होगा। सामूहिक कार्यक्रम के बाद एक-दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित होंगी।



### होटल, रेस्तरां, गार्डन में सोशल गेदरिंग

नए साल के स्वागत और बीते वर्ष की बिदाई के अवसर पर शहर के होटल, रेस्तरां, गार्डन और मैरिज ग्राउंड में सोशल व फैमिली गेदरिंग का आयोजन किया गया है। हैप्पी न्यू ईयर सेलिब्रेट करने लोगों ने एडवांस बुकिंग कर लिया है। सभी होटल, गार्डन, मैरिज ग्राउंड सप्ताह भर के बुक हो गया है। महाराणा प्रताप गार्डन एवं मैरिज ग्राउंड के संचालक दीपक ठाकुर ने बताया कि नए साल के उपलक्ष्य में उनके गार्डन सप्ताह भर के एडवांस बुकिंग में चल रही है। रविवार की रात्रि और सोमवार को दिन में विशेष फैमिली प्रोग्राम का आयोजन है। आमंत्रण हेरिटेज के संचालक केके साहू ने बताया कि रविवार और सोमवार को पूरे 40 घंटे के लिए साहू सदन बुक है। यहां पर सामाजिकजनों द्वारा आपस में मिलकर वार्षिकोत्सव का आयोजन करते हैं, जिसमें सभी शरीक होते हैं। इसी तरह शहर के सभी होटल, सामुदायिक भवन, समाज भवन, मैरिज ग्राउंड एडवांस में बुक है, जहां नए साल का जश्न मनाया जाएगा और बीते साल की बिदाई दी जाएगी।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

युवाओं की टोलियां अपने अंदाज में करेगी 2024 का स्वागत

# नये वर्ष पर गंगरेल पर्यटन हाउसफुल

■ उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के सैलानी से काटेज पैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साल 2023 की बिदाई और नयेवर्ष 2024 का स्वागत के लिए गंगरेल पर्यटन गुलजार हो गया है। विभिन्न प्रदेश से पहुंचे पर्यटकों से गंगरेल रिसोर्ट लाउसफुल है। इधर मां अंगारमोती का दरबार श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। साल के अंतिम दिन धार्मिक, पर्यटन न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मां अंगारमोती की पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की है।

रविवार को गंगरेल पर्यटन सैलानियों से गुलजार हो गया है। वाटर स्पोर्टस के लिए लोगों को घंटो अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। गंगरेल रिसोर्ट विभिन्न प्रदेश के सैलानियों से हाऊसफुल है। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर कैलाश राय ने बताया कि थर्टी फर्स्ट पर उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के अलावा रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग के मेहमानों से रिसोर्ट के सारे काटेज पैक हो गए हैं। नयेवर्ष के स्वागत में रिसोर्ट में डीजे नाइट, बच्चों का गेम, मिकीमाउस, सेल्फीबुथ की व्यवस्था रखी गई है। भोजन में नानवेज की विभिन्न वैरायटियां हैं। रविवार की रात न्यू ईयर का जश्न धूमधाम से मनाया जाएगा।





रविवार को वाटर स्पोर्टस के लिए पर्यटकों की लंबी कतारे लगी रही। वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि नयेवर्ष की पूर्व संध्या पर करीब 10 हजार लोग गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंचे हैं। जेस्की, स्पीडबोट, हाउसबोट के लिए पर्यटकों को अपनी बारी का घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। फ्लाईबोट के रोमांचक गेम के लिए युवावर्ग काफी उत्साहित हैं। वर्ष समाप्ति पर यह पहला सीजन है जिसमें वाटर स्पोर्टस एक्टीविटी कराने वाले कर्मचारियों को खाने पीने की फुर्सत नहीं है।

### नये साल के स्वागत में जगह-जगह जश्न

नयेसाल का स्वागत करने युवाओं की टोली गंगरेल में रात बिताएंगे। रायपुर, बस्तर तथा बालोद से पहुंचे युवाओं ने बताया कि पूरी व्यवस्था के साथ वे गंगरेल पहुंचे हैं। रात में टेंट लगाकर खाना पकाएंगे। साउंड सिस्टम के साथ रात 12 बजे तक नाचेंगे, गाएंगे। नये साल लगने के सेलिब्रेशन स्वागत तथा 2023 की बिदाई भी करेंगे।

### मां अंगारमोती के दरबार पहुंचे पर्यटन मंत्री



धार्मिक पर्यटन एवं न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को मां अंगारमोती की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि रविवार को माता के दरबार में श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। माता से आशीर्वाद लेने हजारों श्रद्धालुओं की कतारे लगी रहीं। दोपहर को पर्यटन एवं धर्म एवं न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देवी की विधि विधान पूर्वक पूजा कर माता से प्रदेश में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। मां अंगारमोती के दरबार में पहुंचे मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को देखते ही लोगों की उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। लोग हाथ मिलाकर बधाई देते तथा उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।

# बनारसी गायकी के संग, तबला वादन और कथक नृत्य की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी जिले के संगीत कलाकारों द्वारा आयोजित संगीत यज्ञ की द्वितीय बैठकी 25 दिसंबर सोमवार शाम 5 बजे से प्रारंभ हुई। इस बैठकी में मशहूर वायलिन वादक, ग़ज़ल गायक, कंपोजर, पंडित बसंत तिमोथी को संगीतमयी श्रद्धांजलि दी गई। जिनके गुणी शिष्यों में विश्वजीत चक्रवर्ती रायपुर से , डॉ नमन दत्त साबीर, एचओडी - इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ आज भी अनेकों संगीत के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे है ।जिनके कई कंपोजिशन, आज श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य, वीरेन्द्र कुमार साहू द्वारा यहां के विद्यार्थियों को सिखाया जाता है। पंडित जी के संगीत सफर को याद करते हुए प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा गुरूजी के साथ बिताए समय को सबके समक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि गीतांजलि कोर्स खैरागढ़ में उन्ही की देन है। इस संगीत यज्ञ बैठकी का आयोजन श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी में कथक हाल में किया गया। उक्त संगीत यज्ञ में संगीत महाविद्यालय के सभी शिक्षक, उपस्थित कलाकार, अथितियों में सोहेन्दर सिंग गुरुदत्ता, अशोक गुप्ता, एवं संगीत रसिकों द्वारा मां सरस्वती के प्रति मूर्ति एवं पंडित जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मीनाक्षी सिन्हा द्वारा मां दुर्गा को पुष्पार्चन में राग दुर्गा की मनमोहक प्रस्तुति हुई जिसमें हारमोनियम पर संगत चमनदास साहू, तबला संगत पुलकित साहू द्वारा किया गया। तृतीय आहुति तबला वादन के रूप में रविकांत गजेंद्र ने चार चांद लगाए जिसमें हारमोनियम संगत खिलेंद्र साहू द्वारा किया गया। चतुर्थ आहूति कथक नृत्य दीपाली कलिहारी की प्रस्तुति ने सभी रसिकों के बीच समा बांधा। यज्ञ की पंचम आहुति बनारस घराने की ख्याल गायकी, ठुमरी, भजन की प्रस्तुति हेतु जगजीत रौशन जो कि पटना बिहार से आमंत्रित थे जिनके हारमोनियम संगत में, दीपसुंदर भौमिक कोलकाता से, तबला संगत देवेश कंवर खैरागढ़ से उपस्थित रहे। संगीत यज्ञ बैठकी के माध्यम से पांच बच्चों को उनकी लगन मेहनत एवम् संगीत विद्यालय के प्रति लगाव को देखते हुए उनकी संगीत शिक्षा के लिए उन्हे स्कॉलरशीप प्रदान किया गया जिसमें जिसमें मीनाक्षी सिन्हा गायन से कलेश्वरी साहू कथक से, मिथिलेश कौशिक तबला से, कीर्तिका साहू बांसुरी वादन तथा राधा यादव जो कि एग्जेक्ट फाउंडेशन रुद्री कि दिव्यांग छात्रा है उन्हें गायन के लिए स्कॉलर प्रदान किया गया। ये समस्त प्रोत्साहन राशि पीबीएस ऑयल मिल के ऑनर श्याम अग्रवाल द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संगीत महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सभी विभाग के विद्यार्थी उनके पालकगण शामिल थे।



# गांव बनाने की अनूठी परंपरा अंवरी में अभी भी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम अंवरी में गांव बनाने की अनूठी परंपरा अभी भी चल रहा है। फसल मिजांई के वक्त गांव के देवी देवताओं को विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया जाता है और साथ में ठाकुर देव में किसान अपने द्वारा कमाए हुए धान के बीड़ा को सभी किसान अपने अपने घर से एक एक बीड़ा चढ़ाते हैं।

गांव के प्रमुख सरपंच पुनेश्वर साहू, कुलंजन सिंह ठाकुर, लेखराम साहू, बालाराम ध्रुव, फलेंद्र ध्रुव, चिंता मरकाम, बिसाहू राम साहू, दौवराम साहू, देवनारायण नागारचि, भिषम ध्रुव बैगा, अजय पांडा, रुपराम, लोमस पाल, नंदकुमार निर्मलकर, रमेश, हिमलोचन, चैन यादव ने बताया कि यहां गांव बनाने का परंपरा को त्यौहार के रूप से मनाया जाता है। गांव के कोटवार द्वारा 1 दिन पहले मुनादी कर दिया जाता है ताकि जब तक गांव के पूरे देवी देवताओं का पूजा अर्चना नहीं होगा तब तक कोई अपने घर पीने के लिए नलकूप से पानी नहीं भरे। पूजा अर्चना के बाद ही अपने घर पानी भर सकता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण जन सभी देवी देवताओं का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किए।

# शिविर में हितग्राहियों ने सुनाई अपनी कहानी अपनी जुबानी
# पक्के मकान का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ भैंसबोड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से रूबरू संवाद करने के उद्देश्य से भैंसबोड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार की थीम पर बारहमासी गीत, पंथी, सुआ, कर्मा, ददरिया, अखाड़ा, राउत नाचा, देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हरिश साहू और गणेश राम ढीमर ने योजना के तहत बने उनके पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कि उनके पक्के मकान का सपना साकार हो गया है और वे परिवार के साथ निश्चिंत होकर अपने घर में रह रहे हैं। अब उन्हें गर्मी, बारिश और ठंड में चिंता करने की जरूरत नहीं है।





संकल्प शिविर में लोगों को विभागीय योजनाओं से अवगत भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया और निःशुल्क दवा मरीजों को दी गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, आधार अपडेशन, केसीसी उद्यानिकी, पशुपालन आदि से अवगत कराया गया। इसके अलावा बिहान समूह की महिला राम्हीन साहू एवं कुमारी बाई ने बिहान समूह से मिलने वाले लाभ को बताया गया। रविकुमार साहू एवं चंद्रहास साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे घरों में नल से होने वाले फायदे बताये । मीना साहू एवं टिकेश्वरी ने आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ को बताया। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसान गोपी राम साहू एवं शिव कुमार ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के बारे में बताया। युवाओं द्वारा प्रश्नोत्तरी भी खेला गया जिसमें प्रथम आए प्रमोद कुमार पिता कामता राम को टी शर्ट एवं टोपी से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मीनाक्षी ढीमर एवं टिकेश्वरी साहू को गैस चूल्हा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मिनेश्वरी साहू सरपंच, सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद, लेखराम साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, डीएस मरकाम करारोपण अधिकारी, सुरुजभान साहू एडीओ, अभिषेक श्रोती ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महेश कुमार भगत तकनीकी सहायक कुरुद, रामकुमार बंजारे सचिव, एसआर रिगरी प्राचार्य हाई स्कूल, इंद्रमन बारले संकूल समन्वयक, देवकी बघेल प्रधानपाठक, सुरेंद्र कुमार ध्रुव पटवारी, डाकेश साहू रोजगार सहायक, तेजेन्द्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा शाखा कुरुद, मुकेश निर्मलकर अंवरी, लक्ष्मण साहू, तामेश्वरी, सुलोचनी, टेमिन साहू, ईश्वरी, लता साहू सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बेलौदी में बाल मेला सह विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

हायर सेकंडरी बेलौदी में बाल मेला सह विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बाल मेला के साथ विभिन्न प्रकार के नवाचार और नव सृजन के प्रतियोगिता कराये गये। जिसमें रंगोली, पेंटिंग्स, खेलकूद और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रमुख थे।

इस अवसर पर बच्चों ने शाला कैम्पस में बाल मेला के लिए इंस्टॉल लगाए जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन भारतीय व्यंजन को प्रमुखता से स्थान दिया। इसी प्रकार शाला के एक कक्ष में रंगोली प्रतियोगिता करायी गई जिसमें एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक और प्रेरक रंगोली बनायी गई। इसके साथ ही साथ खेलकूद का आयोजन कराया गया जिसमें कब्बड्डी, खो-खो हुई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति पर आधारित गीत नृत्य प्रस्तुत किये गये। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के अंतर्गत बच्चों ने भूकंप अवरोधक, जवाला मुखी अवरोधक, शरीर रचना, अमाशय यकृत, लिवर, सौर ऊर्जा, अटोमेटिक एटीएम मशीन आदि का सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया।



इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य वी डी ठाकुर, व्याख्याता संतोष साहू, जीतेन्द्र कुमार, टी आर साहू, शीतराम ध्रुव, डोमेश्वर ध्रुव, अशोक कश्यप, पेमेश्वरी कंवर और हेमलता साहू मोनिका साहू, ढालसिंग यादव, सोफिया सैनिक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शाला के शिक्षकों ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

### काजू प्रसाद के साथ जड़ी बूटियों का किया वितरण



**रायपुर।** धमतरी गुजरा डोमा निवासी वैद्यराज नंदलू साहू अनेक बीमारियों का जड़ी-बूटी के उपचार के लिए अंचल में प्रसिद्ध हैं। वे समय समय पर रायपुर सहित अन्य स्थानों पर प्रसाद के साथ मौसमी बीमारियों की औषधियों का वितरण करते है। हाल ही में रायपुर मठपुरैना में उन्होंने काजू प्रसाद का वितरण कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया। श्री साहू ने बताया कि पौष मास को सर्दी का शिखर माना जाता है। इस काल में सर्दी संबंधी अनेक बीमारियां बच्चों, महिलाओं को बुजुर्गों को होती है। काजू सेवन पेट उदर विकार के लिए लाभकारी माना गया है। इसलिए काजू के साथ सर्दी अवरोधक दवा का सेवन लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा बहुत महंगा है। जड़ी-बूटियों से कई बीमारियों का उपचार सस्ता है जिसे परहेज करके खाने से सेहत का लाभ मिला है और जीवन सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि सायटिका, स्वास, दमा और गैस संबंधी रोगा का उपचार जड़ी-बूटी से आसानी दूर किया जा सकता है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भेलवाकूदा में एनएसएस शिविर का समापन

■ समाज से जुड़ने के लिए सेवा कार्य अच्छा माध्यम : कन्हैयालाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी का एनएसएस शिविर प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के निर्देशन में ग्राम भेलवाकूदा में आयोजित हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।






स्वयंसेवकों द्वारा प्रथम दिवस प्रभात फेरी के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस जीवन में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों पर परिचर्चा आयोजित की गई। तृतीय दिवस यातायात कानून एवं साइबर अपराध से सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। चतुर्थ दिवस मोबाइल का हमारे जीवन में बढ़ते प्रभाव इस विषय पर बौद्धिक चर्चा की गई। पंचम दिवस पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुधन विकास एवं संवर्धन पर गौपालकों को जानकारी प्रदान की गई। षष्टम दिवस स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर आधारित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कन्हैयालाल सिन्हा सरपंच गाड़ाडीह (आर), उपसरपंच पंपा बाई साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉ मोहित साहू, अश्वनी कुमार साहू, चंदूलाल साहू, धीरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र साहू थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज से जुड़ने के लिए सेवा कार्य एक अच्छा माध्यम है। स्वयंसेवकों ने समाज एवं परिवार में अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करने की बात कही। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू ने कहा कि ऐसे शिविरों से समाज में समानता और एकता स्थापित करने का अवसर मिलता है। आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता मेघराज साहू, बसंत कुमार साहू, कमलेश कुमार कंवर, मिथिलेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

पिछले वर्ष के रायल्टी पीट-पास के भरोसे ईंट भट्ठा कर रहे संचालन

# अवैध ईंट भट्ठों पर विभाग की नजर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठे का संचालन धड़ल्ले से चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रही रहा है। साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है।



अब तक खनिज विभाग द्वारा अवैध ईंट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि कुछ स्थानों में कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति करते आ रही है। इससे ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं ये लोग बड़े पैमाने पर ईट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं। बता दें कि भखारा ब्लॉक के ग्राम भेलवाकुदा, पचपेड़ी, गाड़ाडीह, रामपुर, सिलघट सहित अन्य स्थानों पर अवैध ईट भट्ठों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा पिछले वर्ष की जारी किये गए रायल्टी व पीट पास के भरोसे ईंट भट्ठा संचालन किया जा रहा है इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

ग्राम भेलवाकुदा के ईट भट्ठा संचालन करने वाले से पूछा गया तो मध्यप्रदेश के रींवा नामक जगह से निवास स्थान बताए जा रहे थे। बाहरी कुम्हार ग्रामीण इलाकों में पैठ जमा लिए है और ग्रामीण इलाकों के किसानों से खेती की भूमि लेकर ईंट भट्ठों का संचालन कर रहे हैं। वहीं स्थानीय कुम्हार लोगों को अपने व्यवसाय करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है क्योंकि बाहरी लोग इधर कब्जा कर बैठे हैं।

### नियम विरुद्ध कर रहे संचालन

ईंट भट्ठा संचालन के लिए रायल्टी छूट कुम्हार को आबादी, वनक्षेत्र निस्तार स्थल, पाठशाला, सड़क, शासकीय भवन से तय दूरी पर ईट भट्ठा संचालित करना है इन सब नियमों के धज्जियां उड़ाते हुए ईंट भट्ठों का संचालन करते है।



## अंचल की खबरें

### प्रज्ञा पुराण एवं गायत्री महायज्ञ हुई संपन्न



**पुरी।** ग्राम छाती में चार दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा 28 दिसंबर को प्रारंभ हुआ। जो 31 दिसंबर 2023 को समपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार के संस्कार संपन्न किए गए। कथा वाचक श्री परमानंद के द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से प्रज्ञा पुराण की कथा एवं गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। ग्राम छाती सहित आसपास के गायत्री परिवार से जुड़े लोगों ने सैंकड़ो की संख्या में पहुंचकर अपना सहयोग प्रदान किया। दर्जनों लोगों ने दीक्षा भी लिया। 31 दिसंबर 2023को विशाल भंडारा हुआ। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने प्रेस को दी है।

### नगरी कालेज रासेयो के कार्य वास्तव में प्रशंसनीय : विकास



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सेमरा में आयोजित किया गया था। जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा हो रही है। उक्त शिविर में भौतिक परिचर्चा के कार्यक्रम में उपस्थित रहे सांसद प्रतिनिधि विकास बोहरा नगर पंचायत नगरी ने कहा कि यहां के छात्रों का अनुकरण अन्य रासेयो छात्रों को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब के आवास निर्माण में सहयोग करना वास्तव में एक अद्वितीय कार्य है। साथ ही मुक्तिधाम में पोताई आदि कार्य करना अच्छी पहल है। बड़े-बड़े व्यक्ति मुक्ति धाम में जाकर सेवा देने में असमर्थ है वहां शिविर के छात्र सेवा दे रहे हैं। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने ग्राम सेमरा के तकरीबन 20 वार्ड में साफ सफाई किया। वहीं ग्राम सेमरा माता तालाब की पूरी साफ सफाई की गई। द्वितीय दिवस खंडहर में तब्दील विद्यालय एवं चार एकड़ मैदान को उपयोगी बनाया गया।



### कोड़ापार में युवा मोर्चा ने किया विधायक का स्वागत



**जीजामगांव।** कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का प्रथम कुरूद आगमन पश्चात ग्राम कोड़ापार में युवा मोर्चा के साथियों, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जीवन लाल साहू, रामलाल साहू, तुकाराम यादव, कुंदन साहू, योगेश पाल, झम्मन साहू, कामता साहू, नारायण साहू, देवेंद्र साहू, चंदू साहू, श्याम साहू, विष्णु साहू, मदन यादव, दुखित यादव, बहुर राम साहू, दीपक बारले, जय रात्रे, कुंजीलाल मारकंडे, परस मारकंडे, पवन नारंग, जय, रामदेव, राजू, वैष्णव, जोहतराम साहू, चीनीराम साहू, ओमलाल साहू, अनुराग साहू, तीरथ साहू, छगन साहू, भुवन बारले, निर्मला साहू, अन्नपूर्णा साहू, मीना साहू, पुष्पा मारकंडे, रामबाई साहू, पुष्पा बंजारे, ईदू बारले, जुगनू साहू, उदित साहू, खूबचंद, खोमेश धीवर सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी बेलौदी स्कूल के बच्चे संकल्प दिवस पर जम के थिरके



**मगरलोड।** हायर सेकंडरी बेलौदी स्कूल के बच्चों ने संकल्प दिवस पर मेरी माटी मेरा देश थीम पर जम के थिरके। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से आये हुए अधिकारियों ने शासन की योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही उन योजनाओं को शत- प्रतिशत लाभ दिलाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों ने अपना सुखद अनुभव सुनाकर शासन का आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में ग्राम बेलौदी और हरदी के निवासी शामिल हुए। इस अवसर पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलौदी, प्राथमिक शाला बेलौदी के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समापन अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य वासुदेव ठाकुर और प्रधान पाठक रूप कुमार ध्रुव, सियाराम साहू, शिक्षक संतोष साहू, अशोक कश्यप, जीतेन्द्र साहू, कोमलेश साहू, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश साहू, दानिक यादव, सहित ग्राम बेलौदी के सरपंच कृष्ण कुमार पाल, सचिव चम्पेश्वर यादव, लिलेश्वरी पाल जनपद सदस्य, भूतपूर्व जनपद सदस्य वीरेन्द साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इंडोर स्टेडियम कुरूद में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

# भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में हम सब योगदान दें : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम कुरूद में किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। जिन्होंने संकल्प भारत यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हम उस वंचित समूहों तक पहुंचकर देश को सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाकर भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने में योगदान दे।

**भारत फिर से विश्व में महाशक्ति के रूप में उभरेगा**



मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो लक्ष्य रखा है उस संकल्प की सिद्धी में हम सभी को सहभागी बनना है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब विकसित देश दुनिया का एजेंडा तय करते थे। वहीं आज भारत विश्व के एक मात्र नेता प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पना के जरिये अपने सामर्थ्य के बल पर उस मुकाम पर है कि वह वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है और दुनिया के देश उसे मान रहे हैं। अजय ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक देश के लिए स्वाभिमान पालेगा, शासन का हर विभाग जनमुस्तैदी के साथ काम करेगा तो निश्चित ही मोदी जी ने 2027 तक देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी स्थान पर लाकर खड़ा करने का लक्ष्य रखा है वह पूरा होगा। भारत फिर से अपनी इतिहास को दोहराने वाला है और विश्व में महाशक्ति के रूप में उभरने वाला है।

रविवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित शिविर में लगभग 300 लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। जहां केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत, आधार अपडेशन, स्वास्थ्य परीक्षण, उज्जवला योजना आदि योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर स्थल में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाहन द्वारा भी विभिन्न योजनाओं की जानकारियों का प्रसारण किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत कुरूद अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, पार्षद मनीष साहू, सुरेश अग्रवाल, भोजराज चंद्राकर, टिकेश साहू के अलावा संयुक्त संचालक पीबी काशी, अधीक्षण अभियंता वाय पी आजमानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, गोपाल सिन्हा, भूपेंद्र साहू, स्वास्थ्य विभाग टीम, नगर पंचायत टीम एवम अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पात्र हितग्राहियों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय शिविर नगर पंचायत नगरी के द्वारा राजा बाड़ा स्थित मैदान में लगाया गया। आमजनों की सुविधा हेतु केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को लाभान्वित किया गया।

शिविर में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, जिला महामंत्री प्रकाश बैस, सांसद प्रतिनिधि कमल डागा, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, सरपंच महेंद्र नेताम, जिला मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद यादव, मंडल मंत्री बलजीत छाबड़ा, चेलेश्वरी साहू, यशोदा साहू, ओमी ठाकुर, राजा पवार, पार्षद अश्वनी निषाद, भूपेंद्र साहू, प्रकाश पुजारी, विनीता कोठारी, नरेंद्र नाग उपस्थित थे।



शिविर में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का अनुज्ञा पत्र अतिथियों के हाथों से उज्वला गैस का सिलेंडर व गैस चूल्हा दिया गया व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत से बताया। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने शिविर में व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

शिविर में जन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया नागरिकों को चिकित्सकों ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया एवं दवाइयां वितरित की गई। शिविर में 400 से अधिक नागरिकों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया शिविर में 10 ऐसे हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी में सफलता की कहानी सुनाई।

आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप अभियंता झनक ऊईके लेखपाल सोनू सैनिक राजस्व अधिकारी राजेंद्र साहू कामता प्रसाद साहू भूपेंद्र कौशल दीपक साहू दुर्गेश साहू खिलेश्वर साहू सतीश यादव ईश्वर कुलदीप मितानिन दीदी स्वच्छता दीदी स्वच्छता कमांडो का सहयोग रहा।

## महाराणा प्रताप क्रिकेट प्रतियोगिता में होगी इनामों की बारिश

- फाइनल में वन प्लस वन और सुपर किंग के मध्य होगा खिताबी मुकाबला
- सेमीफाइनल में हारी हुई टीमों के बीच तीसरे स्थान के लिए जोर आजमाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में आयोजित धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का 9वां दिन सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें पहला सेमीफाइनल आरडी किंग वर्सेस सुपर किंग के मध्य खेला गया जिसमें सुपर किंग्स की टीम ने पहली बल्लेबाज करते हुए 10 ओवर में 121 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में आरडी किंग्स ने 10 ओवरों में मात्र 82 रन ही बना पायी। इसी तरह सुपर किंग्स ने सेमीफाइनल मैच 39 रनों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा व सबसे हाइप्रोफाइल सेमीफाइनल वन प्लस वन इलेवन वर्सेस एसपी फाइटर सम्बलपुर के मध्य खेला गया जिसमें वन प्लस वन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 109 रन बना कर एसपी किंग्स की टीम को 110 रन का टारगेट दिया जिसके जवाब में एसपी फाइटर सम्बलपुर की टीम ने मात्र 72 रन ही बना पाए और 37 रनों से यह मैच वन प्लस वन के हाथों में गया। इसी तरह वन प्लस वन की टीम भी फाइनल में प्रवेश किया।



इस बीच मैच का आनंद लेने पहुचे पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, वसीम कुरैशी, विक्रांत शर्मा, आशीष रात्रे, अशोक मेश्राम, गोल्डी ठाकुर, राहुल बख्तानी, राकेश मौर्य, विज्जु रामटेके जिनका स्वागत सम्मान महाराणा प्रताप क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक दीपक ठाकुर के नेतृत्व में आयोजन समिति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक दीपक ठाकुर, समिति के अध्यक्ष रघुवीर बघेल, उपाध्यक्ष नकुल शर्मा, आशुतोष खरे, रिंकू रजक, करन खंडागले, सुभाष चंद्राकर, पुष्पेंद्र हिरवानी, जयेश सार्वा, महावीर प्रजापति, राहुल सोनी, अमन पांडे, वेदप्रकाश देवांगन, धीरज सोनकर, नागेश्वर साहू, शुभम इदनानी, विक्की ध्रुवंशी, सागर जाधव, आकाश जाधव सहित आयोजन समिति के सदस्य सहित हजारों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले सोनी समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के रायपुर संभाग प्रभारी महावीर चोपड़ा के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर सरकार सचिव भागवत सोनी, कोषाध्यक्ष गणेश सोनी, संजू सोनी, राजेंद्र सोनी, भानु प्रताप स्वर्णकार, परदेशी सोनी, प्रेम सोनी, शंकर लाल सोनी, सालिक राम सोनी, संतोष सोनी, रघुनंदन गणेश सोनी, राजू सोनी, प्रदीप सोनी आदि सामाजिक जनों ने 31 दिसंबर को भाजपा कार्यालय रायपुर में प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह से सौजन्य मुलाकात की।



## पंथी नृत्य में 20 पार्टी ने की भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सत्य कल्याण समिति द्वारा घासीदास बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन में करीब 20 पंथी पार्टी शामिल हुई। निर्णायक चंद्रकुमार बंजारे, ईश्वर बंजारे, सुदर्शन बंजारे, विजय बंजारे थे। प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 4001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपए दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण सोनित कुमार बंजारे, दिलीप रात्रे, रोहित सोनी, चन्द्र सिंह बंजारे, आशीष रात्रे ने किया। अतिथियों ने कहा कि सतनाम संपूर्ण सृष्टि का अजर अमर नाम है जिसके उच्चारण मात्र से सांसारिक जीवन की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। कार्यक्रम में गज्जू टंडन, बेदराम टंडन, राधेश्याम जोशी, सोहन कुर्रे, आशाराम टंडन का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन राजा बंजारे एवं बलराम जोशी ने किया।

## नवकार महिला मंडल ने गौशाला में गायों को खिलाई रोटी



**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने राष्ट्रीय गौशाला में गायों की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद गायों को गुड़, रोटी, घास एवं अनेक प्रकार की सब्जियां खिलाई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी ने कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवता वास करते हैं। गौ रक्षा हमारा परम कर्तव्य है। मौके पर सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष इंदु जैन, संजू जैन, दीपा जैन, रीता दीपा, दुर्गा छाजेड़, कंचन चोपड़ा, सरला भूरा, शकुन, शशि पिंचा, नीता लोढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।




## अंग्रेजी विभाग द्वारा फिट फियूजन कार्यक्रम

**धमतरी।** बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के अंग्रेजी विभाग द्वारा ''फिट फियूजन'' कार्यक्रम के तहत ''मेडिटेशन एण्ड ब्रीथिंग एक्सरसाईज'' के कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में डॉ सुनयना अग्रवाल, आर्ट ऑफ लिविंग के काउंसलर शैक्षणिक स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को ध्यान के विभिन्न आयाम के संबंध में वृहद चर्चा करने के उपरांत प्रायोगिक तौर पर कुछ ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया, साथ ही अनेक श्वसन क्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनके अभ्यास करने के साथ-साथ उनके फायदे के बारे में चर्चा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में यह सफल कार्यक्रम का आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. हेमवती ठाकुर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. व्ही.के. पाठक, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकर, प्रो. अमर सिंग साहू, प्रो. रीता लकरा, डॉ. सीमा साहू एवं विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय आदि शामिल हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप

### बागतराई में रामायण मंड़ाई 5 से

**कोर्रा (भखारा)।** बागतराई में नया वर्ष के अवसर पर 5 जनवरी दिन सोमवार से समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामायण मंड़ाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शुभारंभ के मुख्य अतिथि भोला साहू जुगदेही, रंजना डिपेंद साहू पूर्व विधायक धमतरी, इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, रामू रोहरा धमतरी रहेंगे। वहीं समापन में ओंकार साहू विधायक धमतरी पहुंचेंगे। रामायण मड़ाई में 20 मानस मंडलियां भाग लेंगी। रात्रि में कूलिया कनेरी नाचा की प्रस्तुत होगी। जिसकी तैयारी में ग्राम विकास समिति बागतराई के पदाधिकारी, बिसौहा साहू ग्राम पटेल,दोवन साहू अध्यक्ष, सेवक साहू कोषाध्यक्ष बागतराई,धुव साहू सचिव ,उदय राम उपाध्याय, जितेन्द्र साहू सहसचिव, तथा सभी तैयारियां में झूमन साहू बागतराई, सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### डोमा में 5 जनवरी से भागवत कथा

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम डोमा में श्री मद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का



आयोजन पांच जनवरी से तेरह जनवरी किया जा रहा है। कथा व्यास बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी होंगे। आयोजनकर्ता संतराम -खेमीन देवी, बीरबल -दिनेश्वरी,पोखन लाल -किरण देवी, द्वारिका प्रसाद -वीणा देवी, मोतीलाल -निर्मला देवी, मदनलाल -लक्ष्मी निर्मलकर,तिहारू राम -पुष्पा देवी यादव, हेमंत प्रताप -अहिल्या देवी, सुरसेन-भेजीन साहू एवं समस्त डोमा के ग्रामवासी शामिल हैं।आयोजनकर्ताओं ने समस्त धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### कमार बस्ती में बनाये गये 68 आयुष्मान कार्ड



**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न वर्गो के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है और इसकी कहानी वे खुद अपनी जुबानी मंच पर खड़े होकर बता रहे है। संकल्प शिविर में आवास, गैस कनेक्शन, बीमा, स्वास्थ्य जांच, आधार पंजीयन, केसीसी सहित केन्द्र शासन की अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। कलेक्टर श्री रघुवंशी के निर्देश पर मगरलोड विकासखंड के सुदूर मोहेरा पंचायत के विशेष पिछड़ी जनताति के लोगों के शत-प्रतिशत आधार कार्ड पंजीयन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कमार बस्ती में, ढिकुटिया में स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर दस्तक देकर कमार जनताति के लक्षित 134 में से 68 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया।

### 85 बल्क लीटर महुआ शराब और 3500 किग्रा लाहान किया बरामद



- आबकारी अमले ने अवैध शराब के विरूद्ध की कार्यवाही

**धमतरी।** आबकारी अमले ने 29 दिसंबर को ग्राम सियादेही जंगल में छापेमार कार्यवाही से 85 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया तथा 3500 किलोग्राम लाहान नष्ट किया। साथ ही अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक प्रद्युमन नेताम, लालजी दीवान, पुरुषोत्तम सिन्हा, निशांत साधु, आबकारी आरक्षक सहित नगर सैनिक यामिनी, हीरा टांडे , राहुल, रामकिशोर चंद्राकर शामिल थे।

जिले को दिलाया 100 से ज्यादा मैडल, अभी भी मैडल लाने बहा रहे पसीना

# 6 खिलाड़ियों ने तैयार कर दी 250 खिलाड़ियों की फौज

## टीम का एक ही उद्देश्य, खिलाड़ियों को न हो प्रशिक्षण का अभाव

दीपनारायण शर्मा ⏭धमतरी

हरिभूमि विशेष

शहर के युवाओं की टीम ने 250 से ज्यादा खिलाड़ियों की फौज तैयार कर दी है। इन युवाओं का बस एक ही उद्देश्य है कि जिन कमियों को उन्होंने झेला है, खिलाड़ियों की आने वाली नस्ल को उन कमियों से जूझना न पड़े। इन युवाओं ने बेहरीन खिलाड़ियों को तैयार किया है, जिन्होंने धमतरी को 100 से ज्यादा मैडल दिलाया है। अभी भी ये खिलाड़ी मैडल लाने के लिए पसीना बहा रहे हैं।

एक समय था, जब जिले के खिलाड़ियों को अभाव के बीच खेलना पड़ता था। न तो कोई ट्रेनिंग मिलती थी और न ही मैदान व खेल सामग्री। शहर के टिकेश्वर निर्मलकर, देवेश जोशी, रेणुका बंजारे, वंदना बंजारे, प्रवीण बंजारे और देवेंद्र यादव इन्हीं अभावों को झेलते हुए खेल के क्षेत्र में नाम कमाया। अब ये खिलाड़ी खुद तो खेल रहे हैं साथ ही खिलाड़ियों की फौज भी तैयार रहे हैं।

टिकेश्वर ने बताया कि शहर में ही नहीं पूरे जिले में खेल के क्षेत्र में ट्रेनिंग व कोचिंग की कमी है। नए खिलाड़ियों को इन अभाव से गुजरना न पड़े, इसलिए वे खुद निःशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। इसके लिए उन्होंने नगर निगम स्पोर्ट्स एकेडमी तैयार की है। इसी के बैनरतले वे नगर निगम स्कूल में नए खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाते हैं। इन खिलाड़ियों के लिए उन्होंने खेल सामग्री भी जुटा रखी है। इनकी दूसरी संस्था नेवर गिव अप स्पोर्ट्स नाम से इंडोर स्टेडियम में चलती है। इन युवाओं की मेहनत रंग लाई। शहर के साथ आसपास के गांव से भी खिलाड़ी उनके साथ जुड़ते गए। आज करीब 250 खिलाड़ियों की फौज तैयार हो चुकी है। इसमें से कई खिलाड़ी रेगुलर प्रैक्टिस में हैं। इन खिलाड़ियों ने जिले को 100 से ज्यादा मैडल भी दिया है। अभी भी इनके पास कोचिंग के लिए जगह की कमी है। नगर निगम कमिश्नर, नगर निगम स्कूल के प्राचार्य, महापौर के सहयोग से स्कूल और इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण दे रहे हैं।



**सभी राष्ट्रीय खिलाड़ी**

ये खिलाड़ी खुद नेशनल स्तर के खिलाड़ी हैं। उन्होंने खुद ही जिले को कई मैडल दिलाए हैं। सभी ने नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों की तकनीक भी देखी और सीखी है। इसी खेल तकनीक को वे नए खिलाड़ियों में बांट रहे हैं। सभी खिलाड़ी सामान्य परिवार से हैं, कुछ व्यवसाय से जुड़े हैं तो कुछ प्राइवेट नौकरी कर रहे हैं। दिनभर के बिजी शेड्यूल के बाद भी वे कोचिंग देने के लिए समय निकाल ही लेते हैं।



**• इन खेलों की देते हैं ट्रेनिंग •**

टिकेश्वर निर्मलकर एथेलिटिक्स, रोप स्कीपिंग, किक बाक्सिंग और फुटबाल के कोच हैं। वे खिलाड़ियों को इन खेलों में निपुण करने में लगे हुए हैं। देवेश जोशी वेट लिफ्टिंग के कोच हैं। वंदना बंजारे, रेणुका बंजारे, देवेंद्र यादव वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग के कोच हैं। प्रवीण बंजारे किक बाक्सिंग और बाक्सिंग के कोच हैं।

**ऐसे बनी टीम**

सभी कोच शहर के अलग-अलग मुहल्ले के हैं। इन्हें जोड़ने का श्रेय नगर निगम स्कूल के पूर्व खेल प्रशिक्षक चंद्रमणि टेम्भुकर को जाता है। श्री टेम्भुकर खेल के प्रति समर्पित हैं। इन खिलाड़ियों को श्री टेम्भुकर ने प्रशिक्षण दिया है। साथ ही कई बार अपने साथ बाहर प्रतियोगिताओं में ले गए। इस दौरान सभी खिलाड़ियों का परिचय हुआ। सभी का लक्ष्य एक जैसा ही है, जिसके चलते टीम बनाकर उन्होंने काम शुरू किया।

# मन की बात का 108वां संस्करण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अद्वितीय साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मन की बात का ऐतिहासिक 108वां प्रसारण का पूरा देश साक्षी बना। प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा एवं प्रदेश सदस्य मन की बात ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी की मन की बात हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। मन की बात का 108वां संस्करण यह वर्ष 2023 का अंतिम प्रसारण है। अब वर्ष 2024 का प्रसारण श्रीराम जी के आगमन के साथ होगा। मन की बात पर प्रकाश डालते हुए श्री गांधी ने आगे कहा कि मन की बात का 108वां एपिसोड के अंक का महत्व, उसकी पवित्रता भारतीय समाज के लिए अद्भुत है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड प्रधनमंत्री जी के साथ-साथ हम सबके लिए खास हो गया।

श्री गांधी ने मन की बात विषय पर बताया कि आज प्रधानसेवक श्री मोदी ने प्रसारण में कहा कि भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है। विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना और मूमेंटम को बनाए रखना है। भारत का इनोवेशन हब बनना, इंटरनेशनल वर्ष ऑफ मिलेट्स, प्रतिदिन एक्सरसाइज, नींद, वर्कआउट, अनुशासन, धैर्यता, व्यायाम का लाभ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस AI टूल्स, सावित्रीबाई फुले जी और रानी वेलु नाचियार जी, गुजरात की डायरा परंपरा सहित विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान करते हुए देशवासियों के मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं 108 अंक हम सभी देशवासियों के लिए है सौभाग्यशाली : प्रीतेश गांधी

# सर्दी में हरी सब्जियां हुई गर्म, दाम सुनकर ठंडी में छूट रहे पसीने

**इतवारी बाजार अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ठंड के मौसम में सब्जी की बहार रहती है। एक से बढ़कर एक पौष्टिक सब्जी कम कीमत में मिलती है लेकिन ये बातें ख्वाब सी लग रही है। अभी तो सब्जी बाजार में आग लगी हुई है। जबकि मौसम में ठंडक है। महंगाई की वजह चाहे जो भी हो लेकिन बाजार में घुसते ही ग्राहकों के पसीने छूट रहे हैं। भाव सुनकर खरीदने की हिम्मत जुटाना मुश्किल हो रहा है।



दरअसल कुछ एक सब्जी को छोड़कर बाकी सब्जियों की कीमत 40-50 रूपये से लेकर 80-150 रूपये प्रति किलो है। मौसमी सब्जियों के दाम सुनकर भी लोग चौंक रहे हैं। सब्जी विक्रेता दीनदयाल सोनकर, संतराम सोनकर बताते हैं कि हाल ही में बारिश से सब्जी फसल तबाह हो गई है। फिलहाल शहर के बाजारों में व श्यामतराई थोक मंडी में दूसरे जिलों से सब्जियां आ रही है इसलिए रेट बढ़ा हुआ है। महंगे दामों की वजह से ग्राहकी कमजोर है। मुनाफा भी कम हो रहा है। सब्जियों के बच जाने से दूसरे दिन काफी मात्रा में नुकसान हो रहा है इसलिए कम मात्रा में लोकर बेच रहे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की भीड़ नजर आई लेकिन सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें निराशा हुई। सब्जी व्यवसायी गणेशिया सोनकर, सुमित्रा सोनकर ने बताया कि रविवार को अदरक 120 रूपये किलो बिका। मुनगा, ढेंस, कटहल 100 रूपये किलो रहा।

बिंस, करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली, तोराठ, कोचई, धनिया, शिमला मिर्च, परवल, सेमी 80 रूपये किलो बिका। कुंदरू, बरबटी, हरी मिर्च 60 रूपये किलो रहा। गोभी 50 में बिका तो भटा, गाजर, केला, डोड़का, गांठ गोभी, मटर 40 रूपये किलो बिका। कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली 30 रूपये किलो रहा। टमाटर, लौकी 20 रूपये किलो रहा।

बाजार आई गृहिणी शकुंलता कुंजाम, दुर्गेश्वरी कुंजाम ने कहा कि शीत ऋतु की मनपसंद सब्जियां महंगाई की भेंट चढ़ चुकी है। महंगाई को देखते हुए किसे खरीदें और किसे छोड़े, समझ में नहीं आ रहा है। भोजन के लिए सब्जियां तो चाहिए इसलिए कम रेट वाला सब्जी कम मात्रा में ही खरीदे हैं।

**आलू 14, प्याज 30 में बिका**

हरी सब्जियों की तुलना आलू प्याज के भाव कम हुए है जिसे देखते हुए उपभोक्ता सूखी सब्जियां ज्यादा खरीद रहे हैं। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि बाजार में नया आलू आने से इसका रेट कम हो गया है। नया आलू दुकानों में 13 से 14 रूपये प्रति किलो है। वहीं प्याज 30 रूपये किलो बिक रहा है जो माह भर के अंदर 30 रूपये कम हुआ है। अन्य सामानों में शक्कर 42, गुड़ 48, मिर्च 260, हल्दी 110, धनिया 100, जीरा 500, काली मिर्च 680, रिफाइंड तेल पाउच 105, लहसून 260, सरसों 70, मेथी 90, राहर दाल 150, मूंगदाल 105, उड़द दाल 150, मसूर दाल 85, चना 75, काबुली चना 120, मटर 85, चना दाल 85 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन रहा।

# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शनिवार शाम को सपरिवार धमतरी प्रवास पर थे। उनके आगमन की सूचना पाकर भाजपा नेता उनके स्वागत के लिये जुटने लगे। रात लगभग 10 बजे श्री अग्रवाल का अम्बेडकर चौक में भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, निर्मल बरडिया, कविंद्र जैन, अरविंदर मुंडी, महेंद्र पंडित, सरला जैन, चेतन हिंदूजा, बीथिका विश्वास, विजय साहू, धनीराम सोनकर, रोहिताश मिश्रा, सुशीला तिवारी, नरेश बरडिया, अर्जुन जसवानी, प्रकाश गोलछा, उमेश साहू, डिपेंद्र साहू, कैलाश सोनकर, अमित अग्रवाल, कमल डागा, मनोहर मानिकपुरी, सूरज शर्मा, नील पटेल, ज्ञानिकराम रामटेके, महेंद्र खंडेलवाल, दिलीप पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राइस मिलरों ने अयोध्या भेजा एक ट्रक चावल

- विधायक चंद्राकर ने भगवा ध्वज दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अयोध्या में बने भव्य राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने देश भर से जुटने वाले श्रद्धालुओं के भोजन व्यवस्था में योगदान करते हुए कुरूद एवं धमतरी राइस मिल एशोसिएशन द्वारा एक ट्रक चांवल की व्यवस्था की गई। जिसे विधायक अजय चन्द्राकर ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया।

ज्ञात हो कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। जिसमें देशभर से जुटने वाले लोगों के लिए भंडारा होगा। जिसके लिए विभिन्न संघ, संगठन अपने अपने हिसाब से सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में धमतरी और कुरुद राइस मिल एशोसिएशन के द्वारा 30 टन चांवल की व्यवस्था किया गया।



चांवल भरे ट्रक को कुरुद साँधा चौक से विधायक अजय चन्द्राकर ने ध्वज लहराकर रवाना किया।

इस बारे में एसोसिएशन संरक्षक अनिल चन्द्राकर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति को पुनः स्थापित करने 22 जनवरी को अयोध्या में महायज्ञ हो रहा है। इस ऐतिहासिक दृश्य को अपने आंखों से देखने पहुंचे लोगों को प्रभू श्रीराम के ननिहाल में उपजा चांवल खिलाने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। इस मौके पर कुशल सुखरामनी, राहुल महावर, सुभाष अग्रवाल, विजय केला, सुरेश महावर, सुनील अग्रवाल, अजय शर्मा, हितेंद्र केला, प्रकाश शर्मा, दीपक अग्रवाल, योगेश चन्द्राकर, राहुल, मनोज चन्द्राकर, मनीष अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 3 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 3 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक पुष्पा चौधरी ने बताया कि कम्पोजित भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 938 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा। ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटी, एमबीए एवं कम्प्यूटर (टैली) पास हो, साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। आवेदकों को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ नियत तिथि को उपस्थित होने कहा गया है।

## पर्यटन मंत्री से सौजन्य भेंट



**धमतरी।** छतीसगढ़ के पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंटकर छतीसगढ़ महतारी की छायाचित्र भेंट की।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला 5 को, रिच्छिन माता आयेंगी

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड अंतर्गत भैंसमुंडी में नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ईभाठा मैदान में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान करेली छोटी से रिच्छिन माता का आगमन भी होगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भानपुरी धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

शिवशंकर मेडिकल कुरूद में 02 जनवरी, मंगलवार
विजय मेडिकोज धमतरी में 03 जनवरी, बुधवार
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी. (होम्योपैथी मेडिसीन) (अनुभव 10 वर्ष) | डॉ. एस. चौरसिया एम. एस. (पाईल्स विशेषज्ञ)
परामर्श हेतु उपलब्ध-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा
गठियावात- ठंड में जोड़ों पर दर्द, नसों में दर्द- L4-L5 नसों में दबाव, स्लिप डिस्क, दर्द, अकड़न, शून्यपन, जलन, झुनझुनी का संपूर्ण निदान
घुटना दर्द- घुटने पर सूजन, दर्द, अकड़न, ज्यादा चलने पर दर्द, Liquid कम हो जाना, हड्डियों के बीच में टकराव, गैप कम होना, संपूर्ण निदान।
मूत्र रोग- पेशाब पर जलन, दर्द, छाले (Penis) धार कमजोर, रात्रि पर ज्यादा पेशाब, पेशाब रोकने की क्षमता कम होना। बार-बार UTI (PUS Cell), प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, दवा द्वारा उपचार
चर्म रोग- सिर पर फुंसी, डेन्ड्रफ, पपडी जमना, खुजली, सोरायसिस, फंगल इन्फेक्शन का संपूर्ण निदान। धूप के कारण चेहरे पर खुजली, लालिमा, मुंहासे, झाई, कालापन, सफेद दाग, बाल झड़ना दवा द्वारा संपूर्ण निदान।
पेट रोग- पेट पर जलन, गैस, छाले, पुराना कब्ज, गुदा मार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर दवा द्वारा उपचार।
शुगर- शुगर के कारण पांव के तलवों पर जलन और झुनझुनी का संपूर्ण निदान। शुगर के कारण कमजोरी थकान और शारीरिक कमजोरी (Sexual Weakness) पर लाभ। शुगर के कारण कंधा दर्द, घुटना, कमर दर्द का संपूर्ण निदान
स्त्री रोग- माइग्रेन (पुराना सिर दर्द), महीना अच्छे से न आना (PCOD), सफेद पानी (Leucorrhoea), ब्रेस्ट में गांठ।
पता: शिवशंकर मेडिकल स्टोर्स, कारगिल चौक, कुरूद (छ.ग.)
विजय मेडिकोज महावर धर्मशाला के सामने रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क : 9630634468, 940600458

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411